RAJHIN/2016/70516
Bhilwara/171/2023-2024
सच्चाई से रूबरू
smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक- 40 भीलवाड़ा, सोमवार, 04 अप्रैल 2026 पृष्ठ-04 मूल्य-04 रूपये

# ईरान की धरती पर अमेरिका का दुस्साहसिक मिशनः क्रैश हुए F-15 के पायलटों को 200 कमांडोज ने सुरक्षित निकाला

▪ स्मार्ट हलचल





ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध जैसे हालातों और चरम तनाव के बीच एक बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। ईरान के भीतर दुर्घटनाग्रस्त हुए अपने F-15 लड़ाकू विमान के क्रू मेंबर्स को बचाने के लिए अमेरिकी सेना ने एक बेहद ही जोखिम भरा और रोंगटे खड़े कर देने वाला रेस्क्यू ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा किया है। भारी खतरे और संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अमेरिकी सेना के 200 जांबाज सैनिकों ने दुश्मन की सरजमीं पर घुसकर अपने दोनों पायलटों को सुरक्षित निकाल लिया है।

## संदिग्ध रेडियो संदेशों ने बढ़ाई थी मिशन की जटिलता

सूत्रों के अनुसार, जब यह दुर्घटना हुई, तब स्थिति अत्यंत संवेदनशील थी। अमेरिकी कमांड सेंटर को ईरानी क्षेत्र से लगातार संदिग्ध रेडियो संदेश मिल रहे थे। इन संदेशों के कारण यह आशंका पैदा हो गई थी कि कहीं यह अमेरिकी रेस्क्यू टीम को फंसाने के लिए बिछाया गया कोई जाल (ट्रैप) तो नहीं है। भ्रामक संचार और दुश्मन के रडार की नजरों से बचते हुए सटीक लोकेशन तक पहुंचना इस मिशन की सबसे बड़ी चुनौती थी।

## 200 जांबाज सैनिकों का 'हाई-रिस्क' ऑपरेशन

अपने सैनिकों को किसी भी कीमत पर वापस लाने के अमेरिकी संकल्प के तहत, तुरंत एक 'क्विक रिस्पॉन्स टीम' का गठन किया गया। इस अत्यंत गुप्त और खतरनाक रेस्क्यू मिशन में 200 अमेरिकी सैनिकों को लगाया गया। इस टीम में विशेष रूप से प्रशिक्षित कमांडो और एयर रेस्क्यू विशेषज्ञ शामिल थे। भारी हथियारों और आधुनिक तकनीक से लैस इस टीम ने रात के अंधेरे और ईरान की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए क्रैश साइट की ओर कूच किया।

## मौत के मुंह से सुरक्षित वापसी

सैनिकों ने क्रैश साइट पर पहुंचकर न केवल इलाके को सुरक्षित किया, बल्कि दोनों घायल/फंसे हुए क्रू मेंबर्स को भी सफलतापूर्वक रिकवर कर लिया। दुश्मन के इलाके में यह पूरा ऑपरेशन मिनटों के भीतर सटीकता के साथ अंजाम दिया गया। ऑपरेशन पूरा होने के बाद सभी 200 सैनिक और दोनों पायलट सुरक्षित रूप से अमेरिकी बेस पर लौट आए हैं।




## वैश्विक तनाव में हो सकता है इजाफा

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान की सीमा के भीतर घुसकर किए गए इस अमेरिकी ऑपरेशन से मध्य पूर्व में पहले से ही सुलग रही आग में घी का काम हो सकता है। एक तरफ जहां अमेरिका इसे अपने सैनिकों की रक्षा के लिए उठाया गया जरूरी कदम बता रहा है, वहीं ईरान इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानकर कोई कड़ी प्रतिक्रिया दे सकता है। दुनिया भर की निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि इस घटना के बाद ईरान का अगला कदम क्या होगा।

# पश्चिम बंगाल चुनावः BJP के 40 स्टार प्रचारकों की पूरी फौज, PM मोदी से लेकर बॉलीवुड सितारों तक सब शामिल




▪ स्मार्ट हलचल

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने अपनी कमर पूरी तरह कस ली है। पार्टी ने पहले चरण के चुनाव के लिए 40 'स्टार प्रचारकों' (Star Campaigners) की एक विस्तृत सूची जारी की है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पश्चिम बंगाल जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य में स्टार प्रचारकों की भूमिका बेहद अहम होती है। खासकर ऐसे चेहरे, जिनकी जनता में पहचान और लोकप्रियता अधिक हो, वे चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकते हैं।

यह सूची स्पष्ट करती है कि बीजेपी बंगाल में जीत हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक रही है। इस फौज का नेतृत्व खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं, जबकि इसमें केंद्रीय मंत्रियों, कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों, और बॉलीवुड के बड़े चेहरों को भी शामिल किया गया है।

## प्रमुख चेहरे जो संभालेंगे कमान

**केंद्रीय नेतृत्वः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, और पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा प्रमुखता से चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे।

**फायरब्रांड मुख्यमंत्रीः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, और मोहन चरण माझी (ओडिशा) को भी सूची में स्थान मिला है।

**बॉलीवुड और खेल का तड़काः** सबसे बड़ा आकर्षण अभिनेता और बीजेपी नेता मिथुन चक्रवर्ती, अभिनेत्री-सांसद हेमा मालिनी, और नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत हैं। इनके अलावा, टेनिस खिलाड़ी लियेंडर पेस और अभिनेता-गायक मनोज तिवारी भी भीड़ जुटाने के लिए प्रचार करेंगे।

**राज्य के बड़े नेताः** नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष भी प्रमुख रूप से प्रचार करेंगे।

बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य शीर्ष नेता राज्य में कई बड़ी रैलियों को संबोधित करेंगे। वहीं, मिथुन चक्रवर्ती और हेमा मालिनी जैसे स्टार प्रचारक भी जनसभाओं और रोड शो के जरिए मतदाताओं तक पहुंच बनाएंगे।

पश्चिम बंगाल का चुनाव हमेशा से ही राष्ट्रीय राजनीति के लिए महत्वपूर्ण माना जाता रहा है।

# मिडिल ईस्ट की आग से झुलस सकती है भारतीय अर्थव्यवस्थाः कच्चे तेल में उबाल और गिरता रुपया बढ़ा रहे चिंता




▪ स्मार्ट हलचल

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव, खासकर ईरान से जुड़े हालातों ने वैश्विक बाजारों में हलचल पैदा कर दी है, जिसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ता दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने से भारत जैसे आयात-निर्भर देश पर दबाव बढ़ गया है।

विशेषज्ञों के अनुसार, जैसे ही मिडिल ईस्ट में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ता है, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (Crude Oil) के दाम तेजी से ऊपर जाते हैं। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा तेल आयात करता है, ऐसे में कीमतों में बढ़ोतरी से देश का आयात बिल बढ़ना तय है।

तेल महंगा होने का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ता है। पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ती है, जिसका असर खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की चीजों पर भी देखने को मिलता है। इससे महंगाई (Inflation) बढ़ने का खतरा पैदा हो जाता है।

इसके साथ ही भारतीय मुद्रा रुपये पर भी दबाव बढ़ रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी देखी जा रही है, जिससे आयात और महंगा हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो व्यापार घाटा (Trade Deficit) भी बढ़ सकता है।

आर्थिक विश्लेषकों के मुताबिक, इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार को रणनीतिक कदम उठाने पड़ सकते हैं, जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर जोर देना, तेल आयात के स्रोतों में विविधता लाना और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना।

हालांकि, सरकार और रिजर्व बैंक की नजर इस पूरे घटनाक्रम पर बनी हुई है और जरूरत पड़ने पर नीतिगत हस्तक्षेप की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

मिडिल ईस्ट में जारी यह तनाव न सिर्फ वैश्विक राजनीति बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी चिंता का विषय बना हुआ है, जिसका असर आने वाले समय में और स्पष्ट रूप से सामने आ सकता है।

# मासूम दिव्या की कुएं में मिली लाश, पहले भाई की भी यहीं मिली थी डेड बॉडी परिवार ने जताई साजिश की आशंका

▪ स्मार्ट हलचल

**रायला ।** भीलवाड़ा जिले के रायला थाना क्षेत्र के नया खेड़ा गांव में 4 वर्षीय मासूम दिव्या खारोल की संदिग्ध मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। रविवार सुबह बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। कुछ समय बाद जब परिजनों ने उसे तलाश किया तो उसका शव पास ही स्थित कुएं में मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मामले ने तब और गंभीर रूप ले लिया जब



यह सामने आया कि इसी कुएं में कुछ महीने पहले मृतका के भाई का शव भी मिला था। पंचायत समिति बनेड़ा के प्रधान प्रतिनिधि विजेन्द्र सिंह राठौड़ ने इसकी पुष्टि करते हुए इसे बेहद चिंताजनक बताया। वहीं, परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी साजिश के तहत उनके बच्चों की हत्या कर शव कुएं में डाले जा रहे हैं। लगातार एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत से ग्रामीणों में भी आक्रोश और भय का माहौल है। रायला थाने के एएसआई कैलाश चंद्र प्रजापत ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और हर एंगल से पड़ताल की जा रही है, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

# कड़ी सुरक्षा में एएसआई/प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा हुई, सख्त जांच के बीच अभ्यर्थियों को दी एंट्री,देरी से पहुंचने पर तीन को नहीं मिली एंट्री

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में एएसआई एवं प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा रविवार से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। जिले के 25 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में 15,327 अभ्यर्थी शामिल हुए । दो दिन तक चलने वाली इस परीक्षा के लिए प्रशासन ने विशेष सुरक्षा इंतजाम किए । परीक्षा केंद्रों पर रविवार सुबह से ही अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। प्रवेश से पहले सभी अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई तथा आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों का सत्यापन करने के बाद ही अंदर प्रवेश दिया गया। इसके बाद भी उन्हें एक और सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ा। सख्ती का आलम यह रहा कि कई अभ्यर्थियों की शर्ट



उतरवाई गई, वहीं जींस के मेटल बटन तक कटवाए गए। कुछ अभ्यर्थियों के हाथ व गले में बंधे धागे हटवाए गए तथा शर्ट की स्लीव भी काटी गई। महिला अभ्यर्थियों के दुपट्टे भी केंद्र के बाहर ही उतरवाए गए। साथ ही सभी अभ्यर्थियों को जूते-चप्पल बाहर उतरवाकर ही प्रवेश दिया गया। समय की पाबंदी भी सख्ती से लागू की गई। देरी से पहुंचने वाले तीन अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी गई। प्रवेश सुबह 9 बजे से शुरू होकर 10 बजे तक ही दिया गया, इसके बाद गेट बंद कर दिए गए। परीक्षा दो पारियों में आयोजित की गई ।

पहली पारी सुबह 11 बजे से शुरू हुई जो दोपहर 1 बजे तक खत्म हुई तथा दूसरी पारी दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक हुई। प्रत्येक पारी के लिए परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले प्रवेश बंद कर दिया गया ।

अभ्यर्थियों के लिए मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र, रंगीन फोटो एवं एडमिट कार्ड लाना अनिवार्य किया गया । साथ ही उन्हें परीक्षा समय से कम से कम दो घंटे पहले केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए । ओएमआर शीट में पांचवां विकल्प भरने के लिए अतिरिक्त 10 मिनट का समय भी दिया गया ।

# बीगोद पुलिस की कार्यवाही, तीन जिलों का वांछित स्थाई वारंटी धराया

▪ स्मार्ट हलचल । भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** भीलवाडा की बीगोद थाना पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए भीलवाडा, बून्दी, जिला राजसमन्द में वांछित स्थायी वारण्टी को डिटेन कर गिरफ्तार किया है । पुलिस थाना बिजौलिया थाना जिला भीलवाडा, पुलिस थाना कोतवाली, पुलिस थाना डाबी, पुलिस थाना तालेडा जिला बून्दी एवं पुलिस थाना रेलमगरा जिला राजसमन्द का स्थायी यह आरोपी स्थाई वारण्टी है । पुलिस ने निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित थानो को सूचित किया । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अपराधियो की धरपकड के विरूद्ध सघन अभियान चला रखा है जिसके तहत् एएसपी मुख्यालय पारसमल जैन के निर्देशन में एवं बाबु लाल विश्नोई वृत्ताधिकारी, वृत माण्डलगढ भीलवाडा के सुपरविजन में और बीगोद थाना प्रभारी



जयसुल्तान के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया । पुलिस थाना बिगोद टीम के द्वारा बिगोद कस्बा का निवासी मोहम्मद इकबाल पिता अब्दुल गफूर लुहार मुसलमान उम्र 45 साल निवासी नई आबादी बिगोद भीलवाडा जिसके खिलाफ धोखाधडी, चोरी, लडाई झगडा, मारपीट एवं हत्या के प्रयास के मुकदमे में फरार स्थायी वारण्टी को मुखबिर की सूचना के आधार पर कस्बे में संध्याकालिन गश्त के दौरान डिटेन कर निरोधात्मक कार्यवाही की गई, सम्बन्धीत थानों को सुचित किया गया। गठित पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल सत्यपाल, कांस्टेबल दिनेश कुमार सुचना अधिकारी। (विशेष योगदान), कांस्टेबल अजीत कुमार,

### स्थायी वारंटी यह हुआ गिरफ्तार

मोहम्मद इकबाल पिता अब्दुल गफूर लुहार मुसलमान उम्र 45 साल निवासी नई आबादी बिगोद पुलिस थाना बिगोद जिला भीलवाडा

# 32 साल से पुराने थाने के बाहर खड़ा 'जप्त ट्रक' बना हादसों का कारण,प्रशासन बेखबर,कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

▪ स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** कस्बे के हमीरगढ़ रोड स्थित पुराने थाने के बाहर पिछले करीब 32 वर्षों से खड़ा एक जब्त मिनी ट्रक अब लोगों के लिए परेशानी और हादसों का कारण बनता जा रहा है।हैरानी की बात यह है कि इतने लंबे समय में पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों ने इसे हटाने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।जानकारी के अनुसार करीब 32 साल पहले चौकी पुलिस ने कंक्रीट से भरा एक मिनी ट्रक जब्त किया था।उस समय से लेकर आज तक इस ट्रक का मामला चलता रहा।लेकिन इस दौरान ट्रक के मालिक का भी निधन हो गया।वर्षों में कई चौकी प्रभारी आए और चले गए, यहां तक कि चौकी का दर्जा बढ़कर थाना बन गया,लेकिन ट्रक वहीं का वहीं खड़ा रहा।समय के साथ ट्रक



की हालत जर्जर होती चली गई।धीरे-धीरे उसके अधिकांश पार्ट्स असामाजिक तत्वों द्वारा निकाल लिए गए और अब वहां केवल ट्रक का चेचिस और जमीन में करीब दो फीट तक धंसे टायर ही शेष बचे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह खंडहरनुमा ट्रक अब बच्चों के लिए खेल का स्थान बन गया है,जिससे कई बार बच्चे गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।इसके अलावा यह आसपास के क्षेत्र की सुंदरता और सफाई व्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है।मोहल्लेवासियों ने कई बार प्रशासन से इस लावारिस ट्रक को हटाने की मांग की,लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

# गारनेट की आड़ में वसूली का खेल: अब IPS कनेक्शन की जांच

▪ स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी ।** भीलवाड़ा में गारनेट माफिया से जुड़ी अवैध वसूली का मामला अब गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। इस पूरे प्रकरण में एक IPS अधिकारी की संदिग्ध भूमिका सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई है।राज्य के पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा के निर्देशों के बाद मामले की जांच के लिए विशेष कमेटी का गठन किया गया है। जांच की जिम्मेदारी अजमेर GRP SP नरेन्द्र सिंह को सौंपी गई है, जो भीलवाड़ा जाकर पूरे घटनाक्रम की गहराई से जांच करेंगे। सूत्रों के अनुसार, अवैध वसूली करने वाले लोगों और IPS माधव उपाध्याय के बीच कथित मिलीभगत की बात



सामने आई है, जिससे मामला और अधिक गंभीर हो गया है।अब सबकी नजर जांच रिपोर्ट पर टिकी है। माना जा रहा है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो न केवल संबंधित अधिकारी बल्कि इस पूरे नेटवर्क से जुड़े कई अधीनस्थ पुलिस कर्मियों पर भी गाज गिर सकती है और बड़े स्तर पर कार्रवाई देखने को मिल सकती है।

# एमडीआर गुरला—मांडलगढ़ मार्ग पर आये दिन लगता है जाम, लोग परेशान



▪ स्मार्ट हलचल

**हमीरगढ़ ।** हमीरगढ़ से गुजरने वाली एमडीआर रोड गुरला–मांडलगढ़ मार्ग पर आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। खासकर चितौड़ी दरवाजा के पास में संकरी सड़क और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण यातायात बार-बार बाधित होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर ट्रकों और बड़े वाहनों की संख्या अधिक होने से छोटे वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। चितौड़ी दरवाजे के अंदर से बाजार में जाने के मार्ग, संस्कृत कॉलेज,सामान्य कॉलेज, हॉस्पीटल एवं मंगरोप रोड़ आदि इसी मार्ग होने के कारण दिनभर भीड़ बनी रहती है, जिससे जाम की समस्या और बढ़ जाती है।कई बार घंटे भर अधिक समय तक वाहन फंसे रहते हैं, जिससे लोगों के जरूरी काम प्रभावित होते हैं। स्कूली बच्चों, मरीजों और कामकाजी लोगों को विशेष रूप से दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग और सड़क चौड़ीकरण जैसे ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि आये दिन लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

# रेलवे मार्ग के दोहरीकरण व रामधाम ओवर ब्रिज पर तेज गति से होगा काम



▪ स्मार्ट हलचल

**सांसद अग्रवाल ने रेल मंत्री को भीलवाड़ा की रेलवे की समस्याओं से कराया अवगत**

भीलवाडा सांसद दामोदर अग्रवाल ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से मुलाक़ात कर भीलवाड़ा को जोधपुर से हैदराबाद नई दैनिक ट्रेन एवं चंडीगढ़- उदयपुर त्रि साप्ताहिक ट्रेन के साथ अजमेर से चंदेरिया रेलवे लाइन डबलिंग स्वीकृत करने पर भीलवाड़ा की जनता की ओर से हार्दिक आभार ज्ञापित किया. साथ ही रेल मार्ग के दोहरीकरण व रामधाम के पास बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज पर तेज गति से काम चलाने की भी मांग की व वस्त्र नगरी भीलवाडा की रेलवे संबंधित समस्याओं से भी विस्तार से अवगत करवाया।।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि इस मुलाकात के दौरान सांसद दामोदर अग्रवाल ने निम्नलिखित विषयों पर विस्तार से चर्चा की

(1) भीलवाड़ा शहर में नए रेलवे स्टेशन निर्माण कार्य की परियोजना पर कार्य शुरू करने हेतु ।

(2) भीलवाड़ा शहर रेलवे स्टेशन की पुरानी रिजर्वेशन बिल्डिंग को गिराकर स्टेशन का सर्कुलटिंग एरिया बढ़ाने हेतु ।

(3) भीलवाड़ा शहर में प्रस्तावित ROB के निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु ।

(4) भीलवाड़ा- मुंबई रूट पर अविलम्ब नई रेलगाड़ियों को चलाने हेतु ।

(5) ट्रेन स. 19609 (उदयपुर योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस) को नियमित रूप से सप्ताह में 7 दिन चलाने के साथ साथ ट्रेन में स्लीपर व थर्ड ऐ.सी. श्रेणी के डिब्बों की संख्या बढ़ाने हेतु ।

अग्रवाल ने बताया कि रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी ने विस्तार से बिंदुवार चर्चा करने के साथ रेल मंत्रालय के संबंधित अधिकारीयों को उपरोक्त सभी विषयों पर एक विस्तृत रिपोर्ट के पेश करने के निर्देश दिए ।।

# जिले को मिलेगी आधुनिक न्यायालय परिसर की सौगात

# सांगानेर तस्वारिया में 62 बीघा भूमि का हुआ विधिवत भूमि पूजन

## जिला अभिभाषक संस्था की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को दिलाई गई शपथ

▪ स्मार्ट हलचल

**तकनीक को अपनाएं, लेकिन समाधान व्यावहारिक हों" – मुख्य न्यायाधिपति संजीव प्रकाश शर्मा**

**भूमि पूजन केवल एक निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं, बल्कि न्याय के सुदृढ़ एवं सशक्त भविष्य की नींव- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी**

**वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता व जनप्रतिनिधि रहें मौजूद**



**भीलवाड़ा** । राजस्थान उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधिपति श्री संजीव प्रकाश शर्मा ने कहा कि आमजन की समस्याओं



के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए न्यायिक प्रक्रिया में आधुनिक तकनीकों को अपनाना आवश्यक है, किन्तु यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि तकनीक का उपयोग व्यावहारिक एवं परिणामोन्मुख हो। उन्होंने कहा कि ई-कोर्ट, डिजिटल फाइलिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से न्याय प्रणाली को अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाया जा सकता है।

यह बात उन्होंने सांगानेर-तस्वारिया स्थित 62 बीघा भूमि पर नवीन जिला न्यायालय परिसर के निर्माण हेतु आयोजित समारोह के दौरान कहीं।

उन्होंने नवीन न्यायालय परिसर के निर्माण में आधुनिक एवं समुचित सुविधाओं के समावेश पर बल देते हुए कहा कि पर्याप्त न्यायालय कक्ष, अधिवक्ताओं के लिए सुव्यवस्थित चैंबर, डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन, पुस्तकालय, प्रतीक्षालय एवं पार्किंग जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि न्यायिक कार्यों का सुचारू संचालन हो सके।

इस अवसर पर सांगानेर-तस्वारिया स्थित 62 बीघा भूमि पर नवीन जिला न्यायालय परिसर के निर्माण हेतु विधिवत भूमि पूजन किया गया। साथ ही जिला अभिभाषक संस्था, भीलवाड़ा की वर्ष 2026 की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्रीमती दिया कुमारी, माननीय न्यायाधिपति डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी, न्यायाधिपति श्री फरजन्द अली, न्यायाधिपति श्री प्रवीण भटनागर तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अभय जैन सहित न्यायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

माननीय न्यायाधिपति डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी, न्यायाधिपति श्री फरजन्द अली, न्यायाधिपति श्री प्रवीण भटनागर तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अभय जैन श्री उम्मेद सिंह राठौड़ ने अपना उद्बोधन दिया|

समारोह का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भूमि पूजन से हुआ। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा जिला अभिभाषक संस्था, भीलवाड़ा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण करने वालों में अध्यक्ष श्री उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष श्री महिपाल सिंह राणावत, महासचिव श्री पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव श्री मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष श्री रवि गोरानी, सह-सचिव श्री आदित्य सिंह चौहान एवं पुस्तकालय सचिव श्री प्रताप तेली व मनोनीत कार्यकारिणी सदस्य पंकज पंचोली, राघवेंद्र नाथ व्यास, ओमप्रकाश तेली, वंदना आमेटा, पीरू सिंह गौड़, आनंद शर्मा शामिल रहे।



उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा नवीन न्यायालय परिसर हेतु आवंटित भूमि पर किया गया यह भूमि पूजन केवल एक निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं, बल्कि न्याय के सुदृढ़ एवं सशक्त भविष्य की नींव रखने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था लोकतंत्र की आधारशिला है और जब न्याय सुलभ, सुगम एवं प्रभावी होता है, तभी समाज में विश्वास, संतुलन एवं स्थिरता सुनिश्चित होती है। न्यायाधिपति श्री पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने न्यायिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती सहभागिता को सकारात्मक एवं उत्साहजनक बताते हुए कहा कि इससे न्याय प्रणाली अधिक समावेशी एवं सशक्त बन रही है। न्यायाधिपति श्री फरजंद अली ने युवा अधिवक्ताओं को पढ़ने और परिश्रम करने के लिए प्रेरणापस्द उद्बोधन दिया। न्यायाधिपति श्री प्रवीर भटनागर ने अभिभाषक संस्था, भीलवाड़ा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधिवक्ता केवल संस्था के प्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि न्याय के सशक्त प्रहरी हैं, जो समाज में विधि के शासन एवं आमजन के अधिकारों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अभय जैन जिला एवं सेशन न्यायाधीश भीलवाड़ा ने कहा कि 62 बीघा भूमि का आवंटन न्यायिक अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस पहल है, जो समाज में न्याय के प्रति विश्वास को और मजबूत करेगा। नवीन न्यायालय परिसर के निर्माण से वर्तमान में स्थानाभाव के कारण उत्पन्न समस्याओं का समाधान होगा तथा न्यायिक कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार आएगा। बार अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रस्तावित न्यायालय परिसर भविष्य में हजारों नागरिकों को पारदर्शी एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

उल्लेखनी हे कि वर्तमान जिला एवं सत्र न्यायालय वर्ष 1948 से संचालित हो रहा है तथा स्थान की कमी के कारण कई न्यायालय परिसर से बाहर संचालित हो रहे हैं।

पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा ने उनके कार्यकाल मे हुए न्यायालय हित मे कार्यों को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया और नवीन कार्यकारिणी अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ को संस्था का कार्यभार सौपा|

मंच संचालन विशिष्ठ न्यायिक मजिस्ट्रेट एन. आई. एक्ट 5 प्रियंका पुरोहित व अशोक व्यास ने किया|

कार्यक्रम में शहर विधायक, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा, जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव, बड़ी संख्या में जिले की समस्त न्यायाधिकरण, अधिवक्तागण, न्यायालय स्टाफ एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

आयोजन के सफल संचालन में अभिभाषक संस्था के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# महिला मोर्चा उपाध्यक्ष बनने पर निकली शोभायात्रा



▪ स्मार्ट हलचल

**मंगरोप** ।भारतीय जनता पार्टी हमीरगढ़ द्वारा नगर पालिका की निवर्तमान अध्यक्ष रेखा परिहार को प्रदेश महिला मोर्चा में उपाध्यक्ष बनाए जाने पर नगर में भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर नरसिंह मंदिर के महंत श्री 1008 रामसागर दास जी महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ,जिसमें पार्टी पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।स्वागत समारोह के तहत भीलवाड़ा दरवाजा से मुख्य बाजार होते हुए चित्तौड़ दरवाजा तक जुलूस निकाला गया।मार्ग में विभिन्न स्थानों पर फूलमालाओं,साफा पहनाकर और आतिशबाजी के साथ रेखा परिहार का जोरदार अभिनंदन किया गया।पूरे बाजार क्षेत्र में स्वागत के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही और जगह-जगह शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता घीसुलाल छिपा,नटवर जायसवाल,मदन छिपा,श्याम छिपा,शंभू सिंह परिहार,जगदीश वैष्णव,दिनेश व्यास,गिरिराज सोनी,भैया सोनी,हरीश सालवी,किशन सिंह राव,विनोद सोनी,भेरूलाल प्रजापत,पिंकी रेगर,मुकेश टेलर,मनोज छिपा,कैलाश सिंह तंवर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी,कार्यकर्ता और महिला शक्ति मौजूद रही।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने रेखा परिहार के नेतृत्व और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुभव का लाभ प्रदेश स्तर पर संगठन को मिलेगा।वहीं रेखा परिहार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है,उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी।

# राज्य स्तरीय अंडर 20 बालक फुटबॉल टीम घोषित



▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा**। जिला फुटबॉल संघ के चेयरमैन विशिष्ट विश्नोई एवं अध्यक्ष लादू लाल तेली की अगुवाई में भीलवाड़ा अंडर 20 बालक फुटबॉल टीम की घोषणा की गई जिला फुटबॉल संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक ने बताया कि राजस्थान फुटबॉल संघ एवं जिला फुटबॉल संघ चितौड़गढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंडर 20 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता 6 अप्रैल से सैनिक स्कूल के मैदान पर होना प्रस्तावित हे जिसमें भीलवाड़ा टिम भी हिस्सा लेगी टिम में कप्तान सिद्धार्थ गौतम बैरवा करण सिंह आजाद सिंह साहिल खोईवाल केशव बुनकर अर्पित वैष्णव अरमान अंसारी हर्षवर्धन गोविंद शर्मा देवराज कोटिया दीपक शर्मा रुद्र प्रताप सिंह अजय कुमार मीणा आदित्य मल्होत्रा शुभम सेन विजय प्रताप सिंह राठौड़ तयब खान रोहित सिंह भाटी को टीम में शामिल किया गया संघ के प्रवक्ता दीपक खींची ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया टिम कोच की कमान मिथलेश मारू को सोपी गई वही मैनेजर प्रहलाद सिंह को नियुक्त किया गया भीलवाड़ा का पहला मैच 6 अप्रैल को धौलपुर से खेला जाएगा टिम घोषणा में ओम प्रकाश काबरा भेरू लाल जिनगर जगदीश बुनकर शंकर जीनगर महेश शर्मा कैलाश कोठारी दुर्गेश जोशी सदिक पठान अमर सिंह सिद्धार्थ पोरवाल शेखर बैरवा अमित तिवारी बनवारी लाल शर्मा आदि मौजूद थे ।

# एसपी यादव ने किए कोटड़ी श्याम के दर्शन, पुलिस चौकी खोलने का आश्वासन दिया



▪ स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर**:- मेवाड़ क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धाम श्री कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर पर आज रविवार को भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने मंदिर में पहुंचकर ठाकुर जी का आशीर्वाद लिया । एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर में पहुंचे, जहां एसपी यादव ने चारभुजा नाथ के दर्शन कर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की । वही इस दौरान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया व सचिव श्यामसुंदर चेचाणी ने एसपी यादव से मंदिर में स्थाई रूप से एक पुलिस चौकी खोलने का आग्रह किया, इस पर एसपी यादव ने बहुत जल्द स्थाई पुलिस चौकी खोलने का आश्वासन दिया ।।

# पुष्कर में विदेशी महिला से लूट, बाइक सवार बदमाश बैग छीनकर फरार

▪ स्मार्ट हलचल

**अजमेर/पुष्कर** में एक विदेशी महिला के साथ लूट की वारदात सामने आई है, जिससे क्षेत्र में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। इटली निवासी महिला बियांका स्कुप्पा ने पुलिस थाना पुष्कर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार, 4 अप्रैल 2026 की रात करीब 11 से 11:30 बजे के बीच वह हाई लेवल ब्रिज के पास मंदिर दर्शन कर अपने ठहरने के




स्थान लौट रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो अज्ञात युवक पीछे से आए और उसका बैग छीनकर फरार हो गए। महिला ने बताया कि बैग में उसका मोबाइल फोन, कैमरा और ड्रोन सहित अन्य कीमती सामान मौजूद था।

घटना इतनी अचानक हुई कि वह घबरा गई और मानसिक रूप से आहत हो गई। पीड़िता ने अपने शिकायत पत्र में पुलिस से अपील की है कि जल्द से जल्द उसके सामान की बरामदगी की जाए ताकि उसका भारत और विशेष रूप से पुष्कर में विश्वास बना रहे।

घटना के बाद स्थानीय स्तर पर पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

पुष्कर पुलिस ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है ।

## चोरी का माल खरीदकर बेचा, मांडल का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, 5 हजार का था ईनाम, 40 से ज्यादा मामले बदमाश पर है दर्ज

▪ स्मार्ट हलचल । भीलवाड़ा

पुर थाना पुलिस एवं डीएसटी भीलवाडा ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए 2 साल से फरार चल रहे 5000 रूपये के ईनामी अपराधी को गिरफतार किया । आरोपी चोरी का माल खरीद कर बेचने के मामले मे मांडल पुलिस का वांछित था । पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर नाना तेली उर्फ राजु तेली को गिरफ्तार किया है ।

आरोपी के खिलाफ 40 से अधिक मामले दर्ज है ।

अभियुक्तथानाबिजौलियामे5000रूपयेका ईनामी अपराधी है और आरोपी पर अन्य जिलों मे भी स्टैडिंग वारण्ट जारी है। एसपी धर्मेन्द्र सिंह भीलवाडा द्वारा सम्पति संबंधित अपराधो मे वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु बुधराज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाडा के निर्दशन में एवं राहुल जोशी वृताधिकारी वृत माण्डल के निकटतम सुपरविजन मे कन्हैया लाल पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुर के नेतृत्व मे डीएसटी भीलवाडा एवं पुलिस थाना पुर से टीम का गठन किया गया। दिनांक 20.11.2024 को प्रार्थी चन्द्र प्रकाश पिता शंकर लाल कुमावत उम्र 56 साल निवासी गाडरियावास थाना मावली जिला उदयपुर ने रिपोर्ट पेश की ओर बताया कि प्रार्थी का एक वाहन टाटा एलपीटी है जो प्रार्थी के नाम से पंजीबद्व है। उक्त वाहन का संचालन उसका ड्राईवर शंकर लाल नागदा पिता हीरा लाल नागदा निवासी खरका सलुमर जिला उदयपुर और कैलाश रेगर (खलासी) निवासी ईसवाल जिला उदयपुर करता है। दिनांक 09.11.2024 को उक्त वाहन में टाईल्स भर कर मोरवी से सिलबर (आसाम) के लिए निकल गये। लेकिन उक्त ट्रक सिलबर (आसाम) नहीं पहुंचा तो उसने वाहन के जीपीएस नंबर से जानकारी की तो ज्ञात हुआ कि उक्त वाहन गंगरार टोल से होकर दिनांक 14.11.2024 को



शाम 5 बजे भीलवाड़ा बाईपास होकर गुजरा उसके पश्चात उक्त वाहन की लोकेशन प्राप्त नही हुई, जिस पर प्रार्थी ने शंकर लाल नागदा व कैलाश रेगर से सम्पर्क किया तो उन्होंने बताया कि उक्त वाहन को भीलवाड़ा बाईपास से करीब 6-7 व्यक्तियों के द्वारा शिवशक्ति रेस्टोरेन्ट भीलवाड़ा के यहा से जबरन छीन कर लुट कर ले गये जिस पर प्रार्थी ने कहा कि उक्त वाहन यदि लुट कर ले गये है तो उसकी रिपोर्ट सम्बन्धित थाना में क्यो नहीं दी तो उन्होने फोन बन्द कर दिया। उक्त वाहन व टाईल्स को बैचने या खुर्द बुर्द होने का अंदेशा होने से व उक्त वाहन का जीपीएस भी बन्द कर दिया है उक्त रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया तथा आरोपी कैलाश चन्द्र रेगर पिता दल्लीचंद रेगर उम्र 50 साल निवासी ईसवाल थाना गोगुन्दा जिला उदयपुर हाल रामदेव मंदिर के सामने मावली थाना मावली जिला उदयपुर एवं शंकरलाल नागदा उर्फ वृदिषंकर पिता हीरालाल उम्र 48 साल निवासी खरका थाना गिंगला जिला सलुम्बर को गिरफतार कर न्यायालय के पेश किया गया। मामले मे वांछित आरोपी नाना तेली उर्फ नानुराम उर्फ राजु तेली पिता लालाराम तेली उम्र 35 साल निवासी नीम का खेडा थाना माण्डल जिला भीलवाडा थाना माण्डल का हिस्ट्रीशीटर है ले उक्त अपराधी के खिलाफ डुंगरपुर, कोटा, बुंदी, चितौडगढ, राजसमन्द, उदयपुर एवं भीलवाडा के थाना प्रतापनगर, सुभाषनगर, सदर, माण्डल, जहाजपुर, गंगापुर, रायपुर, बिजौलिया थाने पर करीबन 40 से अधिक मामले दर्ज है। आरोपी नाना तेली शातिर प्रवृति का होकर घटना के बाद से ही फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही थी। घटना के बाद से ही शातिर अपराधी नाना तेली उर्फ नानुराम उर्फ राजु तेली पिता लालाराम तेली उम्र 35 साल निवासी नीम का खेडा थाना माण्डल जिला भीलवाडा फरार हो गया जिसकी तलाश शुरू की । आरोपी नाना तेली थाना बिजौलिया के प्रकरण संख्या 264/2025 धारा 316(2),318(4) बीएनएस मे भी धारा 193(9) बीएनएसएस मे वांछित होकर अपराधी की गिरफतारी पर पुलिस अधीक्षक भीलवाडा ने 5000 रूपयो का ईनाम रखा गया। उक्त वांछित अपराधी की गिरफतारी हेतु कन्हैया लाल थानाधिकारी पुर के नेतृत्व मे थाना पुर एवं डीएसटी भीलवाडा से टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा मुखबिर से सूचना प्राप्त कर , तकनीकी सहयोग एवं परम्परागत पुलिसिंग तरीको को अपनाते हुए वांछित ईनामी आरोपी नाना तेली उर्फ नानुराम उर्फ राजु तेली पिता लालाराम तेली उम्र 35 साल निवासी नीम का खेडा थाना माण्डल जिला भीलवाडा को गिरफतार किया जिससे पूछताछ जारी है। नाना तेली बेहद शातिर एवं धुर्त किस्म का आरोपी है। इस पर धोखाधडी, चैक अनादरण, कुटकरण, जाली दस्तावेज से वाहन चलाना व चोरी के वाहन खरीदने एवं बेचने के कुल 41 मामले दर्ज है। अपराधी पिछले 03-04 साल से फरार चल रहा था और अन्य जगहो के मामलों मे भी वांछित चल रहा था ।

## मां कर्मा बाई जयंती पर तेली समाज निंबाहेड़ा ने निकाली भव्य शोभायात्रा



▪ स्मार्ट हलचल

### पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेसजनों ने किया स्वागत-अभिनंदन

**निंबाहेड़ा** / तेली समाज की आराध्य, भगवान श्रीकृष्ण भक्त शिरोमणि मां कर्माबाई जी की जन्म जयंती के पावन अवसर पर निंबाहेड़ा नगर में धार्मिक श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति भावना से ओतप्रोत भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समस्त घाणावार तेली समाज, युवा शक्ति संगठन एवं महिला मंडल तहसील निंबाहेड़ा की सक्रिय सहभागिता रही।



नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई इस भव्य शोभायात्रा में श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा में सुसज्जित रथ पर विराजित मां कर्मा बाई जी की तस्वीर आकर्षण का केंद्र रही, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। जगह-जगह भक्तजन पुष्प अर्पित कर मां कर्माबाई जी का स्मरण करते नजर आए।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेसजनों द्वारा डाक बंगला रोड (दशोरा चौक) पर दोपहर 3:30 बजे भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का आत्मीय अभिनंदन किया। शोभायात्रा के दौरान रथ में विराजित भगवान की प्रतिमा पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुभाषचन्द्र शारदा एवं नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल ने माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने मां कर्माबाई जी के जीवन आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में नगर कांग्रेस संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, क्रेता व्यापार संघ पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल आंजना,चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ उपाध्यक्ष रामकिशन चौधरी,उपाध्यक्ष चांदमल विरानी,शमशू कमर मंसूरी, महासचिव ओम प्रकाश शर्मा,दिग्वेन्द प्रताप सिंह जादौन,कोषाध्यक्ष अशोक जैन,प्रवक्ता रवि जाजपुरा,कार्यकारिणी सदस्य मुन्नी देवी तेली,पूर्व पंचायत समिति सदस्य नाथूलाल जटिया,शोभाराम जाट,मानक लाल साहू, शांतिलाल लाडना, राजेश सांड, एवं रशीद खान,पूर्व सरपंच शांतिलाल जाट,रोहित राठौड़, मांगीलाल किर, सुरेश मीणा, तेली समाज युवा संगठन अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू सिद्धार्थ साहू, देवीलाल तेली,श्रवण आंजना, कालूराम तेली, दिनेश वाथरा,विष्णु मीणा,कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## शांति भवन में भव्य जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न

## 1000 से अधिक समाजजन की उपस्थिति, 350 युवाओं का पंजीयन – समाज को नई दिशा देने वाला प्रयास

▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । श्री सकल जैन संघ मेवाड़ के तत्वावधान में शांति भवन में आयोजित जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को अत्यंत भव्य एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उदयपुर संभाग के सभी जिलों से समाजजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए, जिससे आयोजन को व्यापक स्वरूप मिला। कार्यक्रम में लगभग 350 युवक-युवतियों का पंजीयन हुआ, जिनमें से अधिकांश उपस्थित रहे, वहीं करीब 1000 से अधिक समाजजन





कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी एवं सहाड़ा विधायक लादू लाल पीतलिया ने अपने उद्बोधन में ऐसे आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि "समाज में इस प्रकार के परिचय सम्मेलन समय की आवश्यकता हैं, जो युवाओं को सही दिशा देने के साथ-साथ समाज को एक नई सोच प्रदान करते हैं।" उन्होंने समाजहित में इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह प्रयास समाज को संगठित करने और नई दिशा देने वाला है। साथ ही एपेक्स डायरेक्टर महावीर चौधरी, आरसीएम डायरेक्टर त्रिलोक छाबड़ा सहित विशिष्ट अतिथियों में मीठा लाल सिंघवी, कंवर लाल, प्रमिला सूर्या, पुष्पा राजेंद्र गोखरू, हेमंत कोठारी, लीला कोठारी एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी रही, जिसमें श्वेतांबर, दिगंबर एवं तेरापंथ समाज के पदाधिकारी एवं महिला मंडल बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर लगभग 15 से 20 रिश्ते तय होने की संभावना व्यक्त की गई, वहीं 5 रिश्तों के शीघ्र विवाह होने की संभावना भी जताई गई। आयोजकों द्वारा घोषणा की गई कि जो रिश्ते इस मंच पर फाइनल होंगे, उन्हें 5100 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

युवतियों का सम्मान एवं प्रतिभाओं का अभिनंदन कार्यक्रम में सभी पंजीकृत युवतियों को प्रोत्साहन स्वरूप घड़ी एवं ब्रेसलेट भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ष 2026 में डॉक्टर एवं इंजीनियर बने 10 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया, जिससे कार्यक्रम में प्रेरणादायक वातावरण बना।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिसे चेतना चपलोत, सुनीता बागचार, ज्योति कोठारी एवं नीलम डागलिया द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात स्वागत गीत सुनीता पीपाड़ा, नीलू पानगढ़िया, मधु मेडतवाल, रीना सिसोदिया, किरण सेठी एवं डिंपल सिंघवी द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान संस्कारों से ओत-प्रोत नाटिका भी प्रस्तुत की गई, जिसका निर्देशन किरण सेठी के नेतृत्व में किया गया। पदाधिकारियों की रही विशेष उपस्थिति कार्यक्रम में श्री सकल जैन संघ मेवाड़ के राष्ट्रीय संयोजक तेजमल गना, राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर नंदावत, राष्ट्रीय संरक्षक वास्तुपाल नलवाया, सहसंयोजक हिम्मत सिंह राका, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिसोदिया, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष किरण पोखरणा, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष समकित वया, संरक्षक तेजमल नाहर, आयोजन संयोजक अशोक कोठारी, महिला संयोजक मधु लोढ़ा एवं युवा अध्यक्ष अरिहंत मेहता सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक मधु ललित लोढ़ा द्वारा किया गया।

समाज के लिए सशक्त पहल कार्यक्रम की सफलता पर सभी उपस्थित जनों ने आयोजकों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक सशक्त, उपयोगी एवं नई दिशा देने वाली पहल बताया।

## रिटायरमेंट पर माता-पिता की स्मृति में भामाशाह ने अस्पताल को भेंट किया वाटर कूलर



▪ स्मार्ट हलचल/ महुआ

मरीजों और तीमारदारों को मिलेगा शुद्ध व ठंडा पेयजल, ग्रामीणों ने की सेवाभाव की सराहना

कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मरीजों व तीमारदारों की सुविधा के लिए एक अनुकरणीय पहल सामने आई है। अस्पताल में कार्यरत कर्मचारी कैलाश गुर्जर ने अपनी सेवानिवृत्ति (रिटायरमेंट) के अवसर पर अपने माता-पिता की पावन स्मृति में अस्पताल को एक वाटर कूलर भेंट किया है।

इस पुनीत कार्य से अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को गर्मी के मौसम में बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों और स्वास्थ्यकर्मियों ने भामाशाह कैलाश गुर्जर के इस जनसेवा के भाव की जमकर सराहना की। उपस्थित लोगों ने कहा कि जलदान सबसे बड़ा दान है। अस्पताल परिसर में इस वाटर कूलर के स्थापित होने से अब दूर-दराज से इलाज के लिए आने वाले आमजन और मरीजों को स्वच्छ, शुद्ध और ठंडा पेयजल आसानी से सुलभ हो सकेगा, जिससे उन्हें बाहर से पानी नहीं खरीदना पड़ेगा।

इस अवसर पर नर्सिंग इंचार्ज शंकर लाल धाकड़, सुमित शर्मा, नरेश कुमावत, सत्यनारायण मेघवंशी (कम्प्यूटर ऑपरेटर), मुकेश मेवाड़ा, बालचन्द टेलर, मुकेश नरवाला और कालू खटीक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य ग्रामीण एवं अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने कैलाश गुर्जर के इस पुनीत कार्य के लिए उनका आभार जताया और उन्हें सुखद सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दीं।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। सह. सम्पादक मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com

# नशा मुक्त ब्यावर की ओर बढ़ते कदम: पुलिस थाना परिसर में लगा नि:शुल्क परामर्श शिविर'

▪ स्मार्ट हलचल

**ब्यावर** | नशामुक्त समाज के संकल्प के साथ जिला प्रशासन, पुलिस और लायन्स क्लब यूनिक के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सिटी थाना परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

प्रशासन और विशेषज्ञों का साझा मंच शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक शंकर सिंह रावत, पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, और अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रहमलाल जाट की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान विशेषज्ञों ने युवाओं को अफीम, स्मैक, एम.डी. और शराब जैसे जानलेवा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया।

50 से अधिक लोगों को मिला परामर्श मनोरोग एवं नशा मुक्ति विशेषज्ञ डॉ. नसीम जहां और डॉ. दिनेश जैन



की टीम ने शिविर में आए 50 से अधिक व्यक्तियों की काउंसलिंग की। उन्हें नशा छोड़ने के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी गई और आवश्यकतानुसार दवाइयां भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं।

**हेल्पलाइन नंबर**

1933 पर दी जानकारी पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस विभाग तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है, लेकिन समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है। शिविर में मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 का प्रचार किया गया, ताकि भविष्य में भी कोई भी व्यक्ति घर बैठे विशेषज्ञों की मदद ले सके।

**प्रमुख उपस्थिति**

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र शर्मा, वृत्ताधिकारी राजेश कसाना, सीएलजी सदस्य और लायन्स क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में ब्यावर को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली।

# दिनदहाड़े सर्राफा व्यापारी से लूट, सिर पर हमला कर जेवरात से भरा बैग लेकर फरार

▪ स्मार्ट हलचल

**खखरेरू/फतेहपुर** थाना क्षेत्र में शनिवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी पर हमला कर लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। बदमाश व्यापारी को घायल कर जेवरात से भरा बैग लेकर फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार केशव रायपुर केवटमई निवासी शिवकुमार मौर्य गेरिया बाजार चौराहे पर सर्राफा की दुकान चलाते हैं। शनिवार शाम करीब छह बजे वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। तभी अंजना कबीर गांव के पास हाजी जी की ट्यूबवेल के निकट पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया।

बताया जा रहा है कि बदमाशों ने कट्टे के बट से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े। इसके बाद बदमाश उनके पास मौजूद बैग लेकर फरार हो गए। बैग में करीब डेढ़ किलो



चांदी के जेवरात और लगभग 40 ग्राम सोने के आभूषण बताए जा रहे हैं।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंच गए और घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर बदमाशों की तलाश में जुटी

इस संबंध में थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि बदमाशों के द्वारा सर्राफा दुकानदार के साथ लूट की गई है आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

# रणथंभौर में दुर्लभ दृश्य, बाघिन शक्ति ने मगरमच्छ को बनाया शिकार

▪ स्मार्ट हलचल | यूपी

**सवाई माधोपुर**। सवाई माधोपुर के रणथंभौर टाइगर रिजर्व में रविवार को 7 साल की बाघिन टी-111 'शक्ति' ने पर्यटकों को रोमांचित कर दिया। शिकार की तलाश में बाघिन शक्ति तालाब के किनारे घात लगाकर बैठी हुई थी। जैसे ही मगरमच्छ तालाब के किनारे आया, बाघिन शक्ति उस पर टूट पड़ी और जबड़े में कसकर दबोच लिया। मगरमच्छ जैसे भारी भरकम प्राणी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। करीब 10 मिनट तक बाघिन और मगरमच्छ के बीच संघर्ष चला, जिसमें मगरमच्छ मारा गया। बाघिन उसे खींचकर चट्टानों पर ले गई। वहां मौजूद पर्यटकों ने घटना का एक वीडियो भी बनाया है, जिसमें बाघिन के जबड़े में मगरमच्छ दबा हुआ दिखाई दे रहा है। इससे पहले शक्ति की नानी बाघिन मछली ने अपने शावक बच्चों को



बचाने के लिए मगरमच्छ से भिड़ गई थी और मिनटों में मगरमच्छ को मार डाला था। उसे 'लेडी ऑफ लेक' क्रोकोडायल किलर भी नाम दिया गया था। यह देश की पहली ऐसी बाघिन थी, जिसके नाम पर भारत सरकार ने डाक टिकट तक जारी किया था। मछली की बेटी कृष्णा है, जिसकी बेटी बाघिन शक्ति है।

**जबड़े में दबोचकर जंगल में ले गई**

जानकारी के अनुसार- घटनाक्रम रणथंभौर टाइगर रिजर्व में आज सुबह की सफारी के दौरान जोन नंबर 4 के जामुन देह क्षेत्र में हुआ। पर्यटकों को करीब 9 बजे तालाब के किनारे बाघिन पहले से घात लगाकर बैठी दिखाई दी। इस दौरान जैसे ही एक मगरमच्छ तालाब के किनारे आया तो वह उस पर टूट पड़ी। दोनों में करीब 10 मिनट तक संघर्ष चला। मगरमच्छ को पानी का सबसे खतरनाक शिकारी माना जाता है, लेकिन यहां बाघिन से संघर्ष में वह मारा गया। इसके बाद बाघिन उसके जबड़े में दबोचकर चट्टानों से जंगल की ओर ले गई। पूरा घटनाक्रम तेजी से हुआ और पर्यटक भी बाघिन की फुर्ती देखकर हैरान रह गए। पूरे सीन को वहां मौजूद पर्यटकों ने अपने कैमरे में कैद किया। नजारा बेहद रोमांचकारी होने के साथ-साथ दुर्लभ भी था, क्योंकि आमतौर पर बाघ भारी भरकम मगरमच्छ का शिकार कम करते है।

# हिन्दुस्तान जिंक के शिक्षा संबल कार्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों का उत्कृष्ट रहा परिणाम



▪ स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा**। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा छात्रों के लिए चलाये जा रहे शिक्षा संबल कार्यक्रम के विद्यार्थियों का राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं एवं बारहवीं कक्षा का परिणाम उत्कृष्ठ रहा। वर्तमान में इस कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के 13 हजार विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। हाल ही में घोषित माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दसवीं के परिणामों में 92.53 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिनमें से 39 प्रतिशत प्रथम श्रेणी प्राप्त है। 76 राजकीय विद्यालयों में से 37 का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष के परिणामों की उपलब्धि शिक्षा संबंल कार्यक्रम के तहत छात्राओं का परिणाम है जिसमें कुल 137 छात्राओं ने 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए हैं जो कि गार्गी पुरस्कार के लिए पात्र होंगी। यह एक प्रतिष्ठित सम्मान है जो राजस्थान में छात्राओं की शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया जाता है। इसी प्रकार हाल ही में घोषित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा के नतीजों में 99.43 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 86.36 प्रतिशत ने प्रथम श्रेणी हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2016 में शिक्षा संबंल कार्यक्रम शुरू होने के बाद से कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 67 प्रतिशत से बढ़कर 92.53 प्रतिशत हो गया है, जो कि 38 प्रतिशत अधिक है। कक्षा 10वीं के लिए प्रथम श्रेणी में पास होने वाले छात्रों का प्रतिशत 2016 में 14 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 39 प्रतिशत हो गया है। शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत, हिंदुस्तान जिंक राजकीय विद्यालयों को अतिरिक्त शिक्षक, सीखने की सामग्री और विशेष रूप से विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषयों में शैक्षणिक सहायता दे रहा है। इस कार्यक्रम को वंचित समुदायों के छात्रों के बीच सीखने के नतीजों को मजबूत करने और शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। छात्रों के सीखने के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए, यह कार्यक्रम केंद्रित शैक्षणिक उपायों के माध्यम से वैचारिक स्पष्टता और अनुभवात्मक शिक्षा को भी बढ़ावा देता है। हाल ही में, हिंदुस्तान जिंक ने राजस्थान और उत्तराखंड में चार इमर्सिव स्टेम विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित हेतु लैब भी स्थापित की हैं, जिनका उद्देश्य कक्षाओं को ज्यादा इंटरैक्टिव, आकर्षक, प्रौद्योगिकी-सक्षम और नवाचार-आधारित बनाना है। शिक्षा संबल कार्यक्रम 2016 में हिंदुस्तान जिंक द्वारा शुरू किया गया जो कि शिक्षा के क्षेत्र में कंपनी की सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है। क्रियान्वयन पार्टनर विद्या भवन के साथ साझेदारी में लागू किए गए इस कार्यक्रम ने कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए शैक्षणिक सहायता का एक मजबूत तंत्र तैयार किया है, जिससे सामुदायिक जुड़ाव भी बढ़ा है। यह पहल वर्तमान में कंपनी के व्यावसायिक संचालन वाले 6 जिलों - उदयपुर, सलूंबर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा और अजमेर में संचालित है।

# मंत्री अविनाश गहलोत के 'JCB' वाले बयान पर बवाल: ब्यावर कांग्रेस ने बताया जनता का अपमान

## जनता को मच्छर समझने वाली भाजपाई सोच का अंत करीब" — ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस का तीखा हमला

▪ स्मार्ट हलचल

**ब्यावर** | प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की सफल रैली से उपजी राजनीतिक सरगर्मी अब जुबानी जंग में बदल गई है। भजनलाल सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा कांग्रेस की भीड़ की तुलना 'JCB की खुदाई देखने वाली भीड़' से करने पर ब्यावर कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है।

ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा* ने इसे जनता की गरिमा पर सीधा हमला करार देते हुए मंत्री के इस्तीफे की मांग की है।

**प्रमुख बिंदु :**

कांग्रेस के तीखे प्रहार

जनता का अपमान: कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मंत्री गहलोत का बयान ब्यावर और जेतारण की स्वाभिमानी जनता का अपमान है। लोकतंत्र में उमड़े जनसैलाब को 'तमाशबीन' कहना भाजपा के अहंकार को दर्शाता है।

बेरोजगारी पर घेरा: अजय शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि मंत्री खुद स्वीकार कर रहे हैं कि उनके राज में युवा इतने बेरोजगार हो गए हैं कि वे सड़कों पर JCB की खुदाई देखने को मजबूर हैं। यह उनके अपने विभाग की सबसे बड़ी विफलता है।

**'पर्ची सरकार' पर तंज :**

कांग्रेस ने राजस्थान की वर्तमान सरकार को 'पर्ची सरकार' बताते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाएं और आरक्षण के लाभ वंचितों तक नहीं पहुँच रहे हैं, और मंत्री सिर्फ बयानबाजी कर अपने आकाओं को खुश करने में लगे हैं।



**संगठन बढ़ाओ —**

लोकतंत्र बचाओ' अभियान को मिली धार कांग्रेस जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी के नेतृत्व में हुए सम्मेलन की सफलता को कांग्रेस ने भाजपा की 'नींद उड़ने' का कारण बताया है। एडवोकेट अजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि डोटासरा जी के नेतृत्व में उमड़ा यह जनसैलाब भाजपा की जनविरोधी नीतियों और तानाशाही के खिलाफ एक शंखनाद है।

अविनाश गहलोत जी को याद रखना चाहिए कि जनता जनार्दन होती है, मच्छर नहीं। जिस जनता ने उन्हें कुर्सी पर बिठाया है, वही जनता इस अपमान का जवाब आने वाले समय में वोट की चोट से देगी।' » — एडवोकेट अजय शर्मा, अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ब्यावर

**आगामी रणनीति**

ब्यावर कांग्रेस ने ऐलान किया है कि वे इस अपमानजनक बयान को लेकर जनता के बीच जाएंगे और भाजपा की 'जन-विरोधी' सोच का पर्दाफाश करेंगे। 'संगठन बढ़ाओ – लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत अब बूथ स्तर पर विरोध प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है।

# ओबीसी कांग्रेस में धन्नाराम लोहार बने जिला महासचिव



▪ स्मार्ट हलचल | पाली

कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग द्वारा पाली जिले की जिला कार्यकारिणी का जिला अध्यक्ष गोविंद बंजारा द्वारा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। इस विस्तार में पार्टी के सक्रिय और समर्पित युवा कार्यकर्ता धन्नाराम लोहार को ओबीसी कांग्रेस का जिला महासचिव नियुक्त किया गया। इस दौरान एसी ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष नेमाराम बजाड़, वेनाराम मेघवाल, अशरफ, त्रिलोक, प्रकाश भाटी, राजाराम सरगरा, तरुण रावल इत्यादि युवा कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# स्वच्छता की ओर बढ़ते कदम: बम्बोरी में 'हर घर कचरा संग्रहण' अभियान का आगाज

▪ स्मार्ट हलचल | छोटीसादड़ी /बम्बोरी

स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत बम्बोरी में 'हर घर से कचरा संग्रहण' अभियान की भव्य शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ पूर्व उप प्रधान रमेश गोपावत ने दुर्गा चौक से किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। ग्राम पंचायत द्वारा अब एक विशेष ट्रैक्टर के माध्यम से पूरे गांव और पंचायत क्षेत्र से नियमित रूप से कचरा एकत्रित किया जाएगा। नियम तोड़ा तो लगेगा 500 रुपये जुर्माना पंचायत प्रशासन ने अपील की है कि सभी ग्रामवासी प्रतिदिन सुबह 7 बजे अपने घर का कचरा निर्धारित ट्रैक्टर में ही डालें। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो पहली बार उसे समझाइश दी जाएगी। इसके बाद भी सुधार न होने पर ग्राम पंचायत द्वारा संबंधित व्यक्ति से 500 रुपये जुर्माना या पुनः सफाई का खर्च वसूला जाएगा।

**ग्रामीणों से सहयोग की अपील**

पूर्व उप प्रधान गोपावत ने कहा कि गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने समस्त बम्बोरी वासियों से इस अभियान में पूर्ण सहयोग करने का आह्वान किया ताकि स्वच्छता मिशन को सफल बनाया जा सके।



# सेहत के लिए बेहद लाभदायक है नींबू पानी

**नींबू पानी को अगर देशी कोल्ड्रिंक कहा जाए, तो इसमें कुछ गलत नहीं होगा। प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर यह पेय सेहत और सौंदर्य से जुड़े इतने फायदे देता है, जितने आप सोच भी नहीं सकते। जानिए नींबू पानी के कुछ ऐसे ही फायदे जो आपकी सेहत के लिए बेहद लाभदायक हैं -**

नींबू विटामिन सी का बेहतर स्त्रोत है। साथ ही, इसमें विभिन्न विटामिन्स जैसे थियामिन, रिबोफ्लोविन, नियासिन, विटामिन बी- 6, फोलेट और विटामिन-ई की थोड़ी मात्रा मौजूद रहती है। यह खराब गले, कब्ज, किडनी और मसूड़ों की समस्याओं में राहत पहुंचाता है। साथ ही ब्लड प्रेशर और तनाव को कम करता है। त्वचा को स्वस्थ बनाने के साथ ही लिवर के लिए भी यह बेहतर होता है। पाचन क्रिया, वजन संतुलित करने और कई तरह के कैंसर से बचाव करने में नींबू पानी मददगार होता है। नींबू पानी में कई तरह के मिनरल्स जैसे आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, कैल्शियम, पोटैशियम और जिंक पाए जाते हैं।

## किडनी स्टोन

नींबू पानी का स्वास्थ्य पर पड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण फायदा है, इसका किडनी स्टोन से राहत पहुंचाना। मुख्यरूप से किडनी स्टोन शरीर से बिना किसी परेशानी के निकल जाता है, लेकिन कुछ मामलों में यह यूरीन के बहाव को ब्लॉक कर देते हैं जो अत्यधिक पीड़ा का कारण बनता है। नींबू पानी पीने से शरीर को रिहाइड्रेट होने में मदद मिलती है और यह यूरीन को पतला रखने में मदद करता है। साथ ही यह किडनी स्टोन बनने के किसी भी तरह के खतरे को कम करता है।

## डायबिटीज

नींबू पानी, हाई शुगर वाले जूस व ड्रिंक का बेहतर विकल्प माना जाता है। खासतौर से उनके लिए जो डायबिटीज के मरीज हैं या वजन कम करना चाहते हैं। यह शुगर को गंभीर स्तर तक पहुंचाए बिना शरीर को रिहाइड्रेट व एनर्जाइज करता है।

## पाचनक्रिया में फायदेमंद

नींबू पानी में मौजूद नींबू का रस हाइड्रोक्लोरिक एसिड और पित्त सिक्रेशन के प्रोडक्शन में वृद्धि करता है, जो पाचन के लिए आवश्यक है। साथ ही यह एसिडिटी और गठिया के खतरे को भी कम करता है। जो लोग आमतौर पर पाचन-संबंधी समस्याओं जैसे एबडॉमिनल क्रैम्प्स, ब्लॉटिंग, जलन और गैस की समस्या आदि से परेशान होते हैं, उन्हें नियमित रूप से नींबू पानी का सेवन करना चाहिए।

## कब्ज

अगर आपको कब्ज की समस्या है, तो नींबू पानी आपके लिए बेहद फायदेमंद है। प्रतिदिन सुबह गर्म नींबू पानी पिएं और पूरे दिन कब्ज की समस्या से दूर रहें।

## इम्यून सिस्टम

नींबू पानी बायोफ्लेवोनॉयड, विटामिन सी और फाइटोन्यूट्रियंट्स का बेहतर स्रेत है जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता की शक्ति बढ़ाने में मदद करता है। इसमें मौजूद आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स के कारण यह शरीर के एनर्जी लेवल को बढ़ाने में मदद करता है।

## खराब गला

नींबू पानी को गुनगुना करके पीने से गले की खराबी या फैरिन्जाइटिस में आराम पहुंचाता है।

## वजन

हर सुबह शहद के साथ गुनगुना नींबू पानी पीने से अतिरिक्त वजन आसानी से कम किया जा सकता है।

## मसूड़ों की समस्या

नींबू पानी पीने से मसूड़ों से संबंधित समस्याओं से राहत मिलती है। नींबू पानी में एक चुटकी नमक मिलाकर पीने से बेहतर परिणाम मिलते हैं।



# आयुर्वेद के अनुसार तेज भूख लगने पर कभी खाली पेट न खाएं ये चीजें

कभी-कभी ऐसा होता है कि हमें बहुत तेज भूख लग जाती है और हम उस वक्त हमें जो भी उपलब्ध होता है, वो खाने लग जाते हैं लेकिन ऐसा करना आपके लिए घातक हो सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक तेज भूख लगने पर कुछ ऐसी चीजें है, जिन्हें नहीं खाना चाहिए ।आइए, जानते हैं कौन-सी हैं वो चीजें-

### अमरुद

अमरुद एक ऐसा फल है, जिसे अलग-अलग स्थितियों में खाने पर अलग-अलग परिणाम देखने को मिलते हैं यानी अगर आप सर्दियों में सुबह के वक्त खाली पेट अमरुद खाएंगे, तो आपको पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। वहीं, गर्मी में खाली पेट अमरूद खाएंगे, तो यह फायदा देता है। ऐसे में आपको खाली पेट अमरूद नहीं खाना चाहिए।

### सेब

सर्दियों में खाली पेट सेब खाने से बीपी बढ़ सकता है, अगर सुबह सबसे पहले यानी बिना कुछ खाए आप सेब खा लेते हैं, तो इस दिक्कत का सामना आपको करना पड़ सकता है लेकिन गर्मी में आप खाली पेट सेब खा सकते हैं।

### टमाटर

टमाटर की तासीर गर्म होती है। इसे आप सर्दी के मौसम में तो खाली पेट खा सकते हैं लेकिन गर्मी के मौसम में ऐसा करने पर पेट में या सीने में जलन की समस्या हो सकती है। आपको सुबह के समय टमाटर खाने से परहेज करना चाहिए।

### चाय-कॉफी

चाय या कॉफी को खाली पेट पीने से बचना चाहिए ।आप चाय या कॉफी को बिस्किट, ब्रेड के साथ ले सकते हैं लेकिन खाली पेट या तेज भूख लगने पर सिर्फ चाय-कॉफी न लें, इससे आपके पेट में गैस बन सकती है।

### दही

बहुत से लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें दही फायदे की जगह पर हानि पहुंचा देती है ।ऐसे में दही को सुबह के समय खाली पेट खाने से बचना चाहिए, वर्ना आपकी सेहत बिगड़ सकती है।

# अमृत है आंवला 10 बेहतरीन फायदे

विटामिन-सी से भरपूर आंवला, हर मौसम में लाभदायक होता है। यह आंखों, बालों और त्वचा के लिए तो फायदेमंद है ही, साथ ही इसके और भी कई फायदे हैं, जो आपके शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करते हैं। आमतौर पर आंवले का प्रयोग अचार, मुरब्बा या चटनी के रूप में किया जाता है, लेकिन इसका अलग-अलग तरह से सेवन आपके लिए बेहद उपयोगी है। अगर आप नहीं जानते इस अनमोल फल के बारे में तो जरूर पढ़िए -

- डायबिटीज के मरीजों के लिए आंवला बहुत काम की चीज है। पीड़ित व्यक्ति अगर आंवले के रस का प्रतिदिन शहद के साथ सेवन करे तो बीमारी से राहत मिलती है।
- एसिडिटी की समस्या होने पर आंवला बेहद फायदेमंद होता है। आंवला का पाउडर, चीनी के साथ मिलाकर खाने या पानी में डालकर पीने से एसिडिटी से राहत मिलती है। इसके अलावा आंवले का जूस पीने से पेट की सारी समस्याओं से निजात मिलती है।
- पथरी की समस्या में भी आंवला कारगर उपाय साबित होता है। पथरी होने पर 40 दिन तक आंवले को सुखाकर उसका पाउडर बना लें, और उस पाउडर को प्रतिदिन मूली के रस में मिलाकर खाएं। इस प्रयोग से कुछ ही दिनों में पथरी गल जाएगी।
- रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी होने पर, प्रतिदिन आंवले के रस का सेवन करना काफी लाभप्रद होता है। यह शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में सहायक होता है, और खून की कमी नहीं होने देता।
- आंखों के लिए आंवला अमृत समान है, यह आंखों की रौशनी को बढ़ाने में सहायक होता है। इसके लिए रोजाना एक चम्मच आंवला के पाउडर को शहद के साथ लेने से लाभ मिलता है और मोतियाबिंद की समस्या भी खत्म हो जाती है।
- बुखार से छुटकारा पाने के लिए आंवले के रस में छौंक लगाकर इसका सेवन करना चाहिए, इसके अलावा दांतों में दर्द और कैविटी होने पर आंवले के रस में थोड़ा सा कपूर मिला कर मसूड़ों पर लगाने से आराम मिलता है।
- शरीर में गर्मी बढ़ जाने पर आंवल सबसे बेहतर उपाय है। आंवले के रस का सेवन या आंवले को किसी भी रूप में खाने पर यह ठंडक प्रदान करता है। हिचकी तथा उल्टी होने की पर आंवले के रस को मिश्री के साथ दिन में दो-तीन बार सेवन करने से काफी राहत मिलेगी।
- याददाश्त बढ़ाने में आंवला काफी फायदेमंद होता है। इसके लिए सुबह के समय आंवला के मुरब्बा गाय के दूध के साथ लेने से लाभ होता है, इसके अलावा आप प्रतिदिन आंवले के रस का प्रयोग भी कर सकते हैं।
- चेहरे के दाग-धब्बे हटाकर उसे खूबसूरत बनाने के लिए भी आंवला आपके लिए उपयोगी होता है। इसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा साफ, चमकदार होती है और झुर्रियां भी कम हो जाती हैं।
- बालों को काला, घना और चमकदार बनाने के लिए आंवले का प्रयोग होता है, इसके पाउडर से बाल धोने या फिर इसका सेवन करने से बालों की समस्याओं से निजात मिलती है



# नाश्ते में इन पांच चीजों को खाने से तेजी से बढ़ता है वजन, ज्यादातर लोग करते हैं सेवन



फिटनेस पाने के लिए लोग क्या-क्या जतन करते हैं। कई सर्वे के अनुसार आप शरीर पर चर्बी होने के कारण कई बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में आपको बैली फैट कम करने के साथ फिट रहने की कोशिश करनी चाहिए। खुद को फिट रखने में ब्रेकफॉस्ट का भी अहम रोल होता है, ऐसे में आपको अगर हमेशा स्लिम ट्रिम रहना है, तो ऐसी 5 चीजें हैं, जो आपको नाश्ते में बिल्कुल नहीं खानी चाहिए-

**वाइट ब्रेड** - ब्रेड ज्यादातर भारतीय घरों में खाई जाती है लेकिन आपको बता दें कि ब्रेड का ज्यादा सेवन करना न सिर्फ आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाता है बल्कि इससे आपका वजन भी बढ़ता है। ऐसे में कोशिश करें कि वाइट की जगह ब्राउन ब्रेड का सेवन करे।

**प्रोसेस्ड फूड** - ऐसे खाद्य पदार्थों को कई बार पकने की क्रिया से गुजरना पड़ता है। साथ ही तेल, मसाले, घी होने की वजह से ये सेहत के लिए भी अच्छे नहीं होते। आपको चिप्स, पॉपकॉर्न, ड्राई फ्रूट्स, स्नैक्स आदि से दूर रहना चाहिए।

**केक, कुकीज** - केक और कुकीज में मैदे के अलावा घी और क्रीम का इस्तेमाल होता है, जो आपकी फिटनेस के हिसाब से बिल्कुल भी सही नहीं है इसलिए आपको नाश्ते में इन चीजों को नहीं खाना चाहिए।

**नूडल्स** - नूडल्स खाने में तो बहुत अच्छे लगते हैं लेकिन इसे हेल्दी ब्रेकफॉस्ट नहीं माना जा सकता है, इसी वजह से आपको नूडल्स नाश्ते में बिल्कुल नहीं खाने चाहिए।

**फ्रूट जूस** - आपको कोशिश करनी चाहिए कि मार्केट में उपलब्ध फ्रूट जूस बिल्कुल न पिएं बल्कि आप घर में ही फलों का जूस निकालकर पी सकते हैं। आपके पास अगर जूस की जगह फल खाने का समय है, तो नाश्ते के लिए सबसे बेहतरीन रहेगा।

**पकौड़े-कचौड़ी** - सुबह-सुबह तली चीजें खाना बिल्कुल भी सही नहीं है। आप पकौड़े और कचौड़ी जैसी तली हुई चीजें सुबह नहीं खाएंगे, तो आपकी सेहत के लिए अच्छा रहेगा।

# आंखों को थकान से राहत देगा गुलाब जल, कम होगा तनाव

**वर्क के दौरान लैपटाप का ज्यादा इस्तेमाल न केवल आपके पूरे स्वास्थ्य पर असर डालता है बल्कि इसका असर आपकी नाजुक आंखों पर भी पड़ता है।**



वर्क के दौरान लैपटाप का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं इसी के साथ ही मोबाइल के संपर्क में भी हम ज्यादा रह रहे हैं जिससे आंखों में जलन, धुंधला दिखना व खुजली जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए जरूरी है कि हम अपनी आंखों की देखभाल करें और जब भी आंखों पर दबाव महसूस करें तो स्क्रीन से दूर हो जाएं और बीच-बीच में आंखों को ठंडे पानी से भी धोते रहें। आंखों की जलन की परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। भले ही इस वक्त आप घर पर हैं लेकिन आंखों में जलन आप महसूस करते होंगे। इसलिए इन समस्याओं से निजात पाने के लिए आपको अपनी आंखों की सही देखभाल की जरूरत है, वहीं गुलाब जल का इस्तेमाल आपको आंखों की समस्या से निजात दिला सकता है। गुलाब जल के इस्तेमाल से आंखों को ठंडक मिलती है, साथ ही ताजगी महसूस होती है। ओवरटाइम काम करने के दौरान आंखों में तनाव महसूस होता है इसके लिए खुद को रिलेक्स करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप कॉटन में गुलाब जल डालें और इसे अपनी आंखों पर रखकर कुछ देर के लिए आंखों को आराम दें। गुलाब जल को आंखों में डालने से भी तुरंत राहत मिलती है, साथ ही फ्रेश महसूस होता है। अत : अपने आंखों का ध्यान रखें और समय-समय पर अपनी पलकों को झपकाते रहें।



# कैसे पहचानें कि इम्यून सिस्टम है कमजोर

**इम्यून सिस्टम के मजबूत होने पर हम बीमारियों से लड़ सकते हैं। यदि हमारा इम्यून सिस्टम मजबूत है तो बीमारी हम पर हावी नहीं हो सकती। अगर हमारी इम्यूनिटी मजबूत है तो यह हमें न सिर्फ सर्दी और खांसी से बचाती है बल्कि हैपेटाइटिस, लंग इंफेक्शन, किडनी इंफेक्शन सहित और कई बीमारियों से हमारा बचाव होता है। लेकिन हमारा इम्यून सिस्टम कमजोर है तो हम इसको कैसे पहचान सकते हैं, क्योंकि कई बार यह होता है इम्यून सिस्टम कमजोर तो होता है, पर हम इसे समझ ही नहीं पाते। आखिर कैसे पहचान करें कि आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है, आइए जानते हैं।**

अगर आपको लगता है कि आप बार-बार बीमार हो रहे हैं और जुकाम की शिकायत रहती है। बार-बार सर्दी हो जाना और यदि आपके आस-पास ऐसा कोई व्यक्ति है जिसे खांसी है और आपको भी इससे जल्दी खांसी या सर्दी हो जाती है तो आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है। बदलते मौसम का आपको बीमार करना आपके कमजोर इम्यून सिस्टम को दर्शाता है। यदि आप मौसम के बदलने पर बीमार हो रहे हैं तो आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है। व्यायाम करते समय सांसों का फूलना व जल्दी थक जाना यह कमजोर इम्यून सिस्टम की निशानी है। नींद न आना, आंखों के नीचे काले घेरे, थकान महसूस होना- यह भी कमजोर इम्यून सिस्टम की निशानी है। अगर आपको लगता है कि आप दूसरों की अपेक्षा बार-बार बीमार होते हैं, जुकाम की शिकायत रहती है, खांसी, गला खराब होना या स्किन रैशेज जैसी समस्याएं रहती हैं तो बहुत पॉसिबल है कि यह आपके इम्यून सिस्टम की वजह से हो। कैंडिडा टेस्ट का पॉजिटिव होना, बार-बार यूटीआई, डायरिया, मसूड़ों में सूजन, मुंह में छाले वगैरह भी खराब इम्यूनिटी के लक्षण हैं।